फा. सं. HQ-C11017/25/2023-C1/1 (E-7387)

कर्मचारी चयन आयोग

****

कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक और वरिष्ठ हिंदी अनुवादक परीक्षा, 2023 - पेपर-II (वर्णात्मक पेपर) में बैठने के लिए पेपर-I के परिणाम की घोषणा।

कर्मचारी चयन आयोग ने कंप्यूटर आधारित पद्धति में कनिष्ठ हिंदी अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक और वरिष्ठ हिंदी अनुवादक, परीक्षा, 2023 का आयोजन दिनांक 16.10.2023 को देशभर के विभिन्न केंद्रों पर किया था।

2. परीक्षा की विज्ञप्ति के पैरा 16.1 के अनुसार, पेपर-I (सीबीई) के लिए निम्नलिखित न्यूनतम अर्हक अंक निर्धारित किए गए हैं:

(i) अना. : 30%
(ii) अपिव / आकव : 25%
(iii) अन्य : 20%

3. पेपर-II (वर्णात्मक) में बैठने हेतु पेपर-I में कुल 2274 अभ्यर्थियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है। श्रेणीवार कट- ऑफ विवरण और शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों की संख्या निम्नानुसार है :

श्रेणी	**अ.जा.**	**अ.ज.जा.**	**अ.पि.व.**	**आ.क.व.**	**अना.**	**अ.दि.**	**श्र.दि.**	**दृ.दि.**	**अन्य दिव्या.**	**कुल**
कट ऑफ अंक	121.75	104.00	135.75	120.25	135.75	43.75	73.75	67.50	113.00	-
उपलब्ध अभ्यर्थियों की संख्या	423	149	687	339	589	63	08	12	04	2274

टिप्पणी 1 : उपर्युक्त दर्शाए गए अनारक्षित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त, अना. मानकों में अर्हता प्राप्त करने वाले 242-अजा, 36-अजजा, 687-अपिव, 224-आकव, 18-अ.दि., 01-श्र.दि. और 02-अन्य दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित श्रेणियों में ही दर्शाया गया है।

4. उपरोक्त परीक्षा का वर्णात्मक पेपर (पेपर-II) दिनांक 31.12.2022 को आयोजित किया जाना है । शॉर्ट लिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र आयोग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों की वेबसाइटों पर यथाशीघ्र अपलोड किए जाएंगे ।

5. उत्तर कुंजियों के बारे में अभ्यर्थियों से प्राप्त अभ्यावेदनों की सावधानीपूर्वक जांच की गई है और उत्तर कुंजियों में, जहां आवश्यक समझा गया है, संशोधन किया गया है । मूल्यांकन के लिए अंतिम उत्तर कुंजियों का उपयोग किया गया है ।

6. अर्हता प्राप्त/गैर-अर्हता प्राप्त अभ्यर्थियों के अंकों के साथ-साथ अंतिम उत्तर कुंजियां और प्रश्नपत्र (पत्रों) को आयोग की वेबसाइट पर यथाशीघ्र अपलोड किया जाएगा ।

अवर सचिव, भारत सरकार
23.11.2023